कोटद्वार, गुरूवार
7 दिसम्बर 2023
वर्ष: 45
अंक: 217 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

पीओके हमारा है...जम्मू–कश्मीर पर अमित शाह ने कहा

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लिए 24 सीटें आरक्षित

नई दिल्ली। लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि जम्मू–कश्मीर पर लोकसभा में मंजूरी के लिए लाए गए दो विधेयक उन लोगों को अधिकार प्रदान करने से संबंधित हैं जिन्होंने अन्याय का सामना किया और अपमानित और नजरअंदाज किए गए। चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर से विस्थापित हुए लोगों के लिए सहानुभूति जताई।

पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारा है...

गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि ढङ्ग्ङ हमारा है और सारा का सारा है। उन्होंने ये भी कहा कि हर प्रताड़ित कश्मीरी याद रखेगा कि पीएम मोदी ने उनके लिए क्या किया है। उन्होंने कहा कि पहले जम्मू में 37 सीटें थीं, अब 43 हैं। कश्मीर में पहले 46 थीं, अब 47 हैं और पीओके में 24 सीटें आरक्षित की गई हैं क्योंकि पीओके हमारा है। जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक 2023 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 पर बहस का

जवाब देते हुए, गृह मंत्री ने कहा कि विधेयक उन लोगों को न्याय देने का प्रयास करते हैं जिन्हें अपने ही देश में शरणार्थी बनने के लिए मजबूर किया गया था।

विधेयक का उद्देश्य लोगों को न्याय और अधिकार प्रदान करना

उन्होंने कहा," जो विधेयक मैं यहां लाया हूं वह उन लोगों को न्याय दिलाने और उनके अधिकार प्रदान करने से संबंधित है जिनके खिलाफ अन्याय हुआ, जिनका अपमान किया गया और जिनकी उपेक्षा की गई। किसी भी समाज में, जो वंचित हैं उन्हें आगे लाना चाहिए। यही मूल बात है भारत के संविधान की। लेकिन उन्हें इस तरह से आगे लाना होगा जिससे उनका सम्मान कम न हो। अधिकार देना और सम्मानपूर्वक अधिकार देना दोनों में बहुत बड़ा अंतर है।

'प्रधानमंत्री गरीबों का दर्द जानते हैं'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कुछ लोगों ने इस विधेयक को कम आंकने की भी कोशिश की। किसी ने कहा कि सिर्फ नाम बदल रहा है। मैं उन सभी से कहना चाहूंगा कि अगर हमारे अंदर थोड़ी सी भी सहानुभूति है तो हमें देखना होगा कि नाम के साथ उनका सम्मान जुड़ा है।

पार्ट टाइम नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 100 वेबसाइट बंद

नई दिल्ली। "घर बैठे नौकरी" और "घर बैठे कमाई" का झांसा देकर आम लोगों को चूना लगाने वाले 100 वेबसाइटों को बंद कर दिया गया है। गृहमंत्रालय के तहत आने वाले इंडियन साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर (आइ4सी) ने इन वेबसाइटों की पहचान कर इनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की थी, उसके बाद सूचना व प्राद्योगिकी मंत्रालय ने इन्हें बंद कर दिया।

गृहमंत्रालय के अनुसार ये वेबसाइट विदेशी धरती से चलाए जा रहे थे और भारतीयों के साथ धोखाधड़ी के लिए विशेष रूप से डिजाइन किये गए थे। इनके विज्ञापन डिजिटल प्लेटफार्म पर विभिन्न भारतीय भाषाओं में किये जा रहे थे। गृहमंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पार्ट टाइम नौकरी का झांसा देने वाले विज्ञापनों का उद्देश्य सेवानिवृत कर्मचारियों, महिलाओं और काम की तलाख कर रहे युवाओं को जाल में फंसाना होता है।

पीएनबी घोटाले मामले में एक आरोपी को पांच साल की सजा

रुड़की। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में हुए लाखों रुपये की गड़बड़ी के मामले में एक एजेंट को अदालत ने पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपित पर विभिन्न धाराओं में 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इस मामले में पुलिस की ओर से अभी तक आरोपित एजेंट के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल किया गया था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 19 जून 2022 को पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक अवनीश कुमार गुप्ता ने एक मुकदमा गंगनहर कोतवाली में दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने 9 जून को बैंक में कार्यभार संभाला था। उससे पहले यहां पर ऋचा पंवार प्रबंधक के रूप में कार्यरत थी। उनके ज्वाइन करने के दो दिन बाद ही कुछ लोग आए और बताया कि उनको 10 से 20 प्रतिशत ब्याज वाली स्कीम में रुपया लगाना है, जिस पर उन्होंने बताया कि बैंक ऐसी कोई स्कीम नहीं चलता है।

ऐसे खुला घोटाले का राज

इस बात पर लोगों ने ही बताया कि गांव का ही रहने वाला बैंक एजेंट जाबिर एवं पूर्व प्रबंधक ऋचा पंवार ने पूर्व में ऐसी स्कीम में लोगों का पैसा लगाया है। इसके बाद बैंक पर हंगामा भी हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर इस मामले में पहले तो जाबिर को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद इस साल 19 मई को पूर्व बैंक प्रबंधक ऋचा पंवार को भी पुलिस ने मंगलौर से गिरफ्तार कर लिया था।

सुनाई गई पांच साल की सजा

सहायक अभियोजन अधिकारी राजीव अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में पुलिस की ओर से न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट त्रिचा रावत की अदालत में 28 सितंबर को आरोप पत्र दाखिल किया था। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपित जाबिर को पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर विभिन्न धाराओं के तहत 15 हजार का जुर्माना लगाया गया है। आरोपित वर्तमान में जेल में बंद हैं।

मुख्य सचिव ने की पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना 2023– 24 के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कार्यों में तेज़ी लाने के लिए सचिव स्तर पर सप्ताह में 2 बार बैठक कर समीक्षा किए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रस्तावों के अनुमोदन के लिये डेडिकेटेड टीम लगाई जाए ताकि फ़ाइलों के पारगमन में अत्यधिक समय न लगे। मुख्य सचिव ने प्रदेश में पुस्तकालयों के निर्माण पर अधिकारियों को शीघ्र कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के पुस्तकालयों को मजबूत किया जाए। साथ ही जहां उपलब्ध नहीं हैं वहाँ नए तैयार किए जाएँ। उन्होंने कहा कि इन पुस्तकालयों का लाभ स्थानीय लोग भी उठा सकें इसके लिए पुस्तकालय की एंट्री विद्यालय के बाहर से दी जाए।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को अपनी भूमि के उपयोग के लिये अगले 30 से 50 वर्षों का मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विभाग अगले 50 सालों की आवश्यकताओं के हिसाब से मास्टर प्लान बना लेंगे तो भूमि का उचित रूप से उपयोग हो सकेगा। इससे विभागों की भविष्य की आवश्यकताओं को सही तरीके से पूरा किया जा सकेगा। मुख्य सचिव ने योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की उपयोगिता प्रमाणपत्र भी समय से उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिये। कहा कि जिन विभागों का बजट अभी तक रिलीज़ नहीं हुआ है, विभाग तेज़ी से कार्यों को पूरा कर उपयोगिता प्रमाणपत्र उपलब्ध कराएँ।

भारतीय तीर्थयात्रियों की हज और उमरा यात्रा होगी और भी सुविधाजनक

नई दिल्ली। मक्का की यात्रा करने वाले भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए सऊदी अरब अधिक सुविधाएं प्रदान कर रही है।

सऊदी के हज और उमरा मंत्री तौफिग बिन फौजान अल–रबिया ने बुधवार को बताया कि ये पहल विशेष रूप से भारतीय तीर्थयात्रियों के यात्रा को और आरामदायक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे विशेष रूप से स्वतंत्र उमरा यात्राओं पर जाने वाली महिलाओं को लाभ होगा। उमरा वीजा को 90 दिनों तक बढ़ाने के साथ–सात 4 दिन के ट्रांजिट वीजा को भी शुरू किया जा रहा है।

लैंगिक समानता को बढ़ावा देना

बात करते हुए अल–रबिया ने कहा, 'लैंगिक समानता को बढ़ावा देकर इसका उद्देश्य सभी यात्रियों के लिए अधिक पूर्ण और सुरक्षित तीर्थयात्रा अनुभव सुनिश्चित करना है।

उत्तराखंड होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रैतिक परेड में शामिल हुए मुख्यमंत्री

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को उत्तराखंड होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रैतिक परेड में शामिल होकर रैतिक परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जवान राष्ट्रसेवा का अद्वितीय उदाहरण है। रैतिक परेड में जवानों द्वारा मोटरबाईक पर साहस, कौशल एवं सन्तुलन के प्रदर्शन की सराहना करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जवान हमारे सहयोगी हैं, और विभिन्न नागरिक सेवाओं में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। राज्य में कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में उनका योगदान रहता है। होमगाड्र्स के जवानों को कड़ी धूप सहित बरसात और कड़कड़ाती ठंड में यातायात एवं नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को नियंत्रित करते हुए उन्होंने देखा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि होमगाड्र्स विभाग में शस्त्र प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु इण्डोर फायरिंग रेंज को प्रेमनगर में उपलब्ध विभागीय भूमि पर निर्माण किया जायेगा। होमगाड्र्स जवानों को वर्षभर में 12 आकस्मिक अवकाश दिये जायेंगे। होमगाड्र्स स्वयंसेवकों की कम्पनी कार्यालय/ट्रांजिट कैम्प/इमरजेन्सी सर्च एवं रेस्क्यू सेंटर

हेतु भवन निर्माण किया जाएगा। विभागीय मोटर साईकिल दस्ते हेतु मोटर साइकिल क्रय की जाएंगी। पुलिस कार्मिकों एवं एन०डी०आर०एफ० की भांति उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ड्यूटीरत होमगार्डस स्वयं सेवकों को प्रोत्साहन राशि अनुमन्य की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे कोविड महामारी हो, कोई वीआईपी कार्यक्रम हो या फिर कांवड़ या अन्य बडे आयोजन, होमगाड्र्स जवान जिस निष्काम सेवा से अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं, वो अभूतपूर्व है। होमगाड्र्स जवानों का एक ही मंत्र रहा है, जहां कम वहां हम इसी संकल्प के साथ, प्रदेश के विकास में भी अपनी भागेदारी निभा रहे हैं।

अब सुप्रीम कोर्ट में वनंतरा प्रकरण पर फरवरी में होगी सुनवाई

नैनीताल।सुप्रीम कोर्ट ने पौड़ी गढ़वाल की बेटी की ऋषिकेश के समीप वनंतरा रिसॉर्ट में दुष्कर्म के बाद हत्या मामले की सीबीआइ जांच को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के अनुरोध पर अगली सुनवाई फरवरी माह तक के लिए स्थगित कर दी।

इस मामले में उत्तराखंड के उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी ने बताया कि इस मामले में इसमें कुछ राजनीतिक वीआईपी की संलिप्तता का आरोप झूठा और राजनीति से प्रेरित है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना व न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की संयुक्त पीठ में पौड़ी गढ़वाल निवासी आशुतोष नेगी आशुतोष नेगी की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई हुई। जिसमें इस मामले की जांच सीबीआइ से कराने की मांग की गई थी।

प्रेमी ने रिसॉर्ट में कथित वीआईपी से की थी मुलाकात

नैनीताल हाई कोर्ट की ओर से सीबीआइ जांच को लेकर दायर याचिका के खारिज होने के बाद नेगी ने सवोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर की थी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पेश उप महाधिवक्ता खंडपीठ को बताया कि राजनीतिक वीआईपी के संबंध में याचिकाकर्ताओं की एसएलपी से पता चला है कि प्रेमी ने रिसॉर्ट में कथित वीआईपी से मुलाकात की थी लेकिन वह व्यक्ति वीआईपी नहीं था।

कोर्ट में गवाह के तौर पर उनका बयान दर्ज कराया गया है. उन्होंने कहा कि राजनीतिक वीआईपी के शामिल होने के सभी आरोप झूठे और राजनीति से प्रेरित थे।

सरकार की ओर से यह भी बताया कि पूरे प्रकरण की गहन जांच वरिष्ठ महिला आईपीएस अधिकारी पी रेणुका देवी की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय एसआईटी की ओर से आरोप पत्र दाखिल किया गया था, आरोपित पुलकित आर्य, अंकित गुप्ता और सौरभ भास्कर के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया जा चुका है।

मार्च माह में कोर्ट ने तय किए थे आरोप

कोर्ट ने इस साल 18 मार्च को आरोप तय किए थे। मृतक के माता–पिता, भाई, चाचा और प्रेमी सहित अभियोजन पक्ष के 27 गवाहों से पूछताछ की गई थी। सवोच्च न्यायालय को बताया गया कि मुकदमा चल रहा है और अभियोजन पक्ष के साक्ष्य शीघ्र ही पूरे होने हैं।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता ने एसआईटी की ओर से की गई जांच पर आशंका जताई और आरोप लगाया कि कोई सीसीटीवी फुटेज एकत्र नहीं किया गया था, कोई फोरेंसिक सबूत एकत्र नहीं किया गया था और रिसॉर्ट को ध्वस्त कर दिया गया था।

वीडियो फुटेज किया गया पेश

कोई मोबाइल फोन जब्त नहीं किया गया था और एक राजनीतिक वीआईपी की सुरक्षा की जा रही है, इसके लिए सरकार की ओर से उस स्थान का सीसीटीवी फुटेज पेश किया, जहां मृतका को आखिरी बार देखा गया था और रिसॉर्ट के अनधिकृत हिस्से को ध्वस्त करने से पहले फोरेंसिक साक्ष्य के संग्रह का वीडियो फुटेज पेश किया गया था।

केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

चमोली : विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत थराली ब्लॉक के बैनाली, गैरसेंण ब्लॉक के खेती, पोखरी ब्लॉक के कलसीर व नौली तथा जोशीमठ के ढाक में शिविर आयोजित कर केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के छूटे हुए लाभार्थियों को चयनित कर मौके पर योजनाओं का लाभ दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गयी। साथ ही ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान पीएम किसान सम्मान के 12, केसीसी के 25, उज्जवला के 2, पेंशन संबंधी 6, पीएम आवास के 4 तथा राशन कार्ड के 2 आवेदन प्राप्त हुए। आगामी 08 नवम्बर को देवाल के सवाड और लौसरी, थराली के सुनाऊ मल्ला व कस्बीनगर, नारायणबगड के बैनोली व डांगतोली, गैरसेंण के लखेडी,कोयलख व कांसुवा, कर्णप्रयाग के सुंदरगांव,धमधम व मजखोला, पोखरी के मसोली व सलना, नन्दानगर के लांखी व सरपाणी तथा जोशीमठ के लांमबगड में संकल्प यात्रा के माध्यम से शिविर लगाए जाएंगे। (एजेंसी)

छात्रों ने किया डीएवी प्राचार्य का घेराव किया

देहरादून। डीएवी पीजी कॉलेज के छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को प्राचार्य डॉ एसके सिंह का घेराव किया। छात्रसंघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के नेतृत्व में छात्रों ने फ्री वाईफाई व पार्किंग सहित कई मांगें उठायी। सिद्धार्थ अग्रवाल के नेतृत्व में छात्र दोपहर में प्राचार्य कक्ष में पहुंचे। वहां उन्होंने प्राचार्य से वार्ता की। इसी बीच बड़ी संख्या में छात्र वहां पहुंच गए। सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि लंबे समय से छात्रसंघ छात्रों की समस्याओं को लेकर निष्क्रिय थे। लेकिन अब लगातार मांगें उठायी जाती रहेंगी। क्योंकि छात्रों ने वोट देकर उन्हें इसी मकसद से चुना है।

उन्होंने मांग की कि महाविद्यालय में राष्ट्रगान का समय सुबह सवाल दस से सुबह सवा सात बजे किया जाए। इसके अलावा राष्ट्रगान में कॉलेज स्टाफ तथा छात्र प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य की जाये।

डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोषित एवं वंचित वर्ग के लिए संघर्षरत रहे महान समाज सुधारक, प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं भारतीय संविधान के निर्माता "भारत रत्न" डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर मुख्यमंत्री आवास पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक उत्थान एवं जनसेवा हेतु डॉ. भीमराव अंबेडकर जी द्वारा किए गए कार्य चिर काल तक समाज को नई दिशा देते रहेंगे।

यातायात एवं पुलिस प्रबंधन को दुरूस्त करें : एसपी

रुद्रप्रयाग : पुलिस विभाग की अपराध समीक्षा गोष्ठी में एसपी ने अपने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही जनपद के पर्यटक स्थलों में बर्फबारी के चलते पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। ऐसे में यातायात एवं पुलिस प्रबन्धन को दुरूस्त करने के निर्देश भी दिए। पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक डा. विशाखा अशोक भदाणे ने सकारात्मक दृष्टिकोण एवं मनोभाव के साथ एक टीम वर्ग के रूप में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। थानावार लम्बित अपराधों की समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित विवेचकों को दिए गए। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल सहित अन्य सभी पोर्टलों को प्रति दिवस चेक करते हुए शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने, धरातल पर कार्य कर रहे पुलिस कार्मिकों के अन्दर प्रो-एक्टिव पुलिसिंग की भावना जागृत करने, आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत एण्टी सोशल एलिमेंट्स की निगरानी करने, प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही पर विशेष ध्यान देने, जमानत अथवा पेरोल पर आए अभियुक्तों की निगरानी और उनकी गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने के निर्देश भी दिए। सड़क दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों का चिन्हीकरण करते हुए रिपोर्ट समय से प्रेषित करने, मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी दिए। ताकि जनपद में नशे की हालत में कोई वाहन न चलाए, इसके लिए चेकिंग अभियान जारी रखें। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन्स/यातायात हर्षवर्द्धनी सुमन, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन गणेश लाल बण्डवाल, निरीक्षक यातायात श्याम लाल, निरीक्षक अभिसूचना मनोज बिष्ट, निरीक्षक संचार अनुराधा डबराल, प्रभारी चुनाव निरीक्षक योगेन्द्र सिंह गुसाईं, प्रभारी एसओजी निरीक्षक मनोज नेगी, प्रभारी कोतवाली निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी समेत पुलिस कार्यालय का स्टाफ मौजूद था। (एजेंसी)

उत्तराखंड के चारधामों में गो धाम बनाएं जाए

रुद्रप्रयाग : उत्तराखंड के चारधामों में गो धामों का निर्माण किया जाए। यहां हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और राजमार्गों से लेकर लिंक मार्गों में निराश्रित गाय एवं नंदी घूमते रहते हैं। ऐसी स्थितियां देखकर हर कोई दुख प्रकट करता रहा है।

प्रदेश सरकार और शासन-प्रशासन को इस दिशा में ठोस कार्य करने की जरूरत है। विश्व अखाड़ा परिषद (गो रक्षा विभाग) के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद हरिद्वार से रुद्रप्रयाग पहुंचे थानापति मणि महेश गिरी जी महाराज ने रुद्रप्रयाग में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों से लेकर लिंक मार्गों में निराश्रित गाय और नंदी घूम रहे हैं।

ये पशु रात के समय जंगली जानवरों का शिकार बन रहे हैं जबकि कई सड़कों पर भारी वाहनों की चपेट में आकर घायल हो रहे हैं। इनके संरक्षण को लेकर प्रदेश सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

कल से होगा अस्त्र शस्त्रों के साथ नृत्य शुरू

रुद्रप्रयाग : पुनाड़ पांडव चौक में 8 दिसम्बर से पांडवों द्वारा विधिवत वेशभूषा एवं अस्त्र-शस्त्रों के साथ नृत्य शुरू किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसके बाद निरंतर पांडव नृत्य में बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद होंगे। पांडव नृत्य एवं शिव समिति पुनाड़ के अध्यक्ष प्रकाश गोस्वामी एवं सचिव सुनील नौटियाल ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 8 दिसम्बर से पांडवों के अस्त्र-शस्त्रों का पूजन होगा और इसके बाद पांडवों द्वारा अस्त्र-शस्त्रों के साथ नृत्य किया जाएगा।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किए राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के उत्कृष्ट 16 प्रतिभागियों को पुरस्कार

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि)ने बुधवार को राजभवन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तराखण्ड राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित ह्यराज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिताह्ल के उत्कृष्ट 16 प्रतिभागियों को पुरस्कार, मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किए।बच्चों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यदि हम दृढ़ संकल्प, इच्छाशक्ति और पूरे मनोयोग से कोई कार्य करें तो हमें सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने बच्चों की शानदार चित्रकला पर गद्गद हृदय से बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बशर्ते हम इन प्रतिभाओं को संवारने, उनको आगे बढ़ने में हर तरह से सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि इस उम्र में चुनौतियों के बावजूद आप अपनी लगन, प्रतिभा एवं जूनून के बल पर यहां तक पहुंचे है, जोकि हम सब के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को स्वयं भी सांकेतिक भाषा में शाबासी एवं शुभकामनाएं देकर सभी को हतप्रभ कर दिया। राज्यपाल ने बच्चों की सफलता के लिए उनके शिक्षकों द्वारा किए जा रहे अथक प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। राज्यपाल ने सभी ग्रुपों के उत्कृष्ट कुल 16 प्रतिभागी बच्चों में से प्रत्येक को 10-10 हजार रुपये पारितोषिक दिए जाने की घोषणा की। उत्तराखण्ड राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव पुष्पा मानस ने बताया कि राज्य स्तर पर 11 जनपदों के कुल 102 बच्चों ने उत्तराखण्ड बाल भवन में 05 दिसम्बर को विभिन्न विषयों पर आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया,

एक नजर

पूजित अक्षत कलश का हिन्दू संगठनों ने किया स्वागत

नई टिहरी : श्रीराम जन्मभूमि से पूजित अक्षत कलश के चंबा पहुंचने पर हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से कलश का स्वागत किया। चंबा स्थित शिवालय और नई टिहरी के रघुनाथ मंदिर में कलश की पूजा अर्चना की गई। प्रत्येक परिवार को अक्षत बांटकर अयोध्या आने का न्यौता दिया जाऐगा। बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में श्रीराम जन्मभूमि से पूजित अक्षत से भरे कलश के चंबा पहुंचने पर चंबा के ऋषिकेश चौक पर हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से कलश का स्वागत किया। विहिप जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह सजवाण ने कहा कि लगभग 5सौ साल के संघर्ष और 40 वर्षों तक कोर्ट की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद श्रीराम जन्मभूमि के पक्ष में आये फैसले के बाद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान राम का भव्य मंदिर का निर्माण तेज गति से चल रहा है। आगामी 22 जनवरी को नव निर्मित मंदिर में भगवान राम की भव्य मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा होगी। इससे पूर्व मंदिर निर्माण के लिये देश एवं विदेशों से राम भक्तों ने अपना सहयोग दिया था। विहिप विभाग मंत्री सुरम तोपवाल ने बताया कि राम जन्म भूमि ट्रस्ट की ओर से भेजे गये पूजित अक्षतों को भगवान राम के चित्र को 1 जनवरी से प्रत्येक परिवार में बांटने का काम किया जाएगा, जिसका उद्देश्य राम भक्तों को राम जन्म भूमि अयोध्या आने का न्यौता दिया जा रहा है। मौके पर जिला मंत्री विनय तिवाड़ी, ब्लॉक प्रमुख शिवानी बिष्ट, नवजोत तड़ियाल, दिवाकर पैन्यूली, दिनेश भंडारी, परमजीत सजवाण, कीर्ति सिंह बिष्ट, चन्दन सिंह, सतवीर पुंडीर, जय सिंह सजवाण, वीरेंद्र सेमवाल, शीशपाल तड़ियाल,अनुज डबराल, नीरज खत्री आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

स्मार्ट फोन शिक्षा का निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू

टिहरी : नारी शक्ति सुदृढ़ करने को डिजिटल सशक्तिकरण के अन्तर्गत स्मार्टफोन शिक्षा पर निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का ग्राम पंचायत आरकोट विकासखंड चम्बा में शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख चंबा शिवानी विष्ट और बीडीओ आशिमा गोयल ने किया। प्रशिक्षण के तहत दो सप्ताह का सर्टिफिकेट कोर्स करवाया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पंचायत बटखेम, सौंदकोटी, लामकोट, धारकोट, पलास, भाटूसैण, थान, सावली, मज्यूड़, स्यूटा, छोटा स्यूटा बड़ा एवं आरकोट की महिलाओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।

इनवेस्टर समिट के चलते एफआरआई के आसपास आज से दो दिन ट्रैफिक डायवर्ट

देहरादून। एफआरआई में आज से दो दिवसीय ग्लोबल इनवेस्टर समिट और आईएमए की पासिंग आउट परेड के चलते मार्ग पर एफआरआई और आईएमए के पास ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान के साथ ही ग्लोबल इनवेस्टर समिट में शामिल होने वाले लोगों के वाहनों की पार्किंग का प्लान जारी किया है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार को ग्लोबल इनवेस्टर समिट के दौरान डेलीगेट्स के वाहन कौलागढ़ गेट से प्रवेश कर रॉय रोड से एफआरआई में हार्ट रोड पर उनको को छोड़कर निर्धारित पार्किंग स्थलों पर जाएंगे। वापसी इसी मार्ग से होगी। मीडिया व वीआईपी के वाहन ट्रैवर गेट से प्रवेश कर निर्धारित पार्किंग स्थलों पर पार्क होंगे। वापसी इसी मार्ग से होगी। कार्यक्रम में शामिल होने वाले आगंतुकों के वाहन बाबू गेट-ट्रैवर गेट से प्रवेश कर निर्धारित पार्किंग स्थलों पर पार्क होंगे। यहां ड्यूटी के लिए पहुंचने वाले कर्मियों के वाहन बाबू गेट-ट्रैवर गेट से प्रवेश कर निर्धारित पार्किंग स्थलों पर पार्क होंगे। बसों में आने वाले लोगों को बसें बाबू गेट पर छोड़कर बस को वसंत विहार स्थित निर्धारित 30 बीघा पार्किंग स्थल में पार्क करेंगे। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि इन दो दिन आम लोग बल्लुपुर, कैंट रोड, चकराता मार्ग का उपयोग कम से कम करें।

यहां होगी वाहनों की पार्किंग

- प्लेटिनम कार्ड वाहनों की पार्किंग ट्रंप रोड एफआरआई बिल्डिंग के पास।
- डायमंड कार्ड वाहनों की पार्किंग मासन रोड और हावर्ड रोड पर।
- मीडिया वाहनों की पार्किंग यूनियन बैंक के सामने लोहरी रोड पर।
- सरकारी अफसरों के वाहनों की पार्किंग रोजर रोड पर।
- गोल्ड कार्ड वाहनों की पार्किंग रोजर रोड और बाबू रोड पर होगी।

यहां डायवर्ट होगा ट्रैफिक-

- विकासनगर से दून शहर की आने वाले वाहन धूलकोट से शिमला बाईपास की ओर डायवर्ट किए जाएंगे।
- विकासनगर से प्रेमनगर होते हुए शहर की ओर से आने वाले यातायात को प्रेमनगर बाजार से दरु चौक से गौरखपुर चौक शिमला बाई पास रोड की ओर डायवर्ट किया जाएगा।
- प्रेमनगर से पंडितवाड़ी की ओर आने वाले यातायात को लवली मार्केट होते हुए वसंत विहार की ओर भेजा जाएगा।
- आईएसबीटी से रिस्पना की ओर जाने वाले भारी वाहनों को कारगी चौक से दूधली रोड की ओर भेजा जाएगा।
- हरिद्वार की ओर से आने वाले भारी वाहनों को लालतप्पड व हर्रावाला में रोका जाएगा।

माजरा, शिमला बाईपास, टर्नर रोड में पेयजल सप्लाई ठप

देहरादून। जल संस्थान के पित्थूवाला डिवीजन से जुड़े शिमला बाईपास, टर्नर रोड, माजरा में तीन दिन से पानी का संकट गहरा गया है। स्थानीय लोग अपनी शिकायत लेकर जल संस्थान अधिकारियों के पास जा रहे हैं लेकिन अधिकारियों के न मिलने पर उन्हें हाथ लौटना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी संजय अवस्थी ने बताया कि पिछले तीन दिनों से इलाके में जल संकट हो रहा है। जल संस्थान कार्यालय में फोन करो तो कोई फोन रिसीव नहीं करता। कार्यलय में शिकायत लेकर जाओ तो अधिकारी नहीं मिलते। उन्होंने बताया कि कुछ समय से पानी के प्रेशर में कमी आ गई थी। तीन रोज पहले पानी आना बिल्कुल बंद हो गया। इसके बाद पहले दिन अधिकारी से बात हुई उन्होंने आश्वासन दिया लेकिन इसके बाद न पानी आया न ही अधिकारी फोन रिसीव कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि टर्नर रोड, क्लेमनटाउन में जगह जगह लीकेज की भरमार नजर आती है।

मुख्यमंत्री धामी ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु किया आमंत्रित

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिष्टाचार भेंट कर 08 व 09 दिसम्बर को देहरादून में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु आमंत्रित किया।

चुनावों के लिए तैयार रहे कार्यकर्ता

नई टिहरी : जिला कांग्रेस कमेटी ने आगामी चुनावों को लेकर सभी फ्रंटल संगठनों और विभागों को कमर कसने की हिदायत दी है। जिसके चलते टिहरी गढ़वाल जिला कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष अशद आलम ने कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए चुनावों के लिए जनसंपर्क अभियान बढ़ाने के साथ ही वोटर सूची तैयारी में जुटने को कहा। बुधवार को कांग्रेस के जिला अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष अशद आलम के नेतृत्व में बौराड़ी नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या 4, 5, 6 व 7 में मतदाताओं का सत्यापन कर सूचीबद्ध करने का कार्य भी शुरू किया। अशद ने सभी कार्यकर्ताओं को जनपद की सीमा में आने वाले टिहरी लोकसभा क्षेत्र व टिहरी नगर पालिका क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं की बूथ वाइज सूची तैयार करने तथा ज्यादा से ज्यादा छूटे हुये मतदाताओं व फर्स्ट टाईम वोटर को स्थानीय बीएलओ से सम्पर्क कर मतदाता सूची में जोड़ने के प्रयास तेज करने को कहा। युवाओं की चुनावों में भागीदारी बढ़ाने पर जोर देने को भी कहा। टिहरी नगर क्षेत्र के अल्पसंख्यक बहुल्य वार्डों में अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं की चुनाव में भागीदारी सुनश्चित करने के लिये संभावित प्रत्याशियों का चयन करने जोर दिया।

नए रूप में संवरेगा श्री रघुनाथ मंदिर

टिहरी : तीर्थनगरी देवप्रयाग स्थित प्राचीन श्री रघुनाथ मन्दिर को पर्यटन विभाग नये रूप में संवारेगा। इसके लिए विभाग की ओर से 15 लाख की धनराशि स्वीकृत किए गए है। क्षेत्रीय विधायक विनोद कंडारी ने जानकारी देते बताया कि, उनके द्वारा श्री रघुनाथ मन्दिर के सौंदर्यकरण सहित अन्य सुविधाये दिये जाने का प्रस्ताव पर्यटन विभाग को दिया गया था। जिसके तहत विभाग की ओर से 15 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है। श्री रघुनाथ मन्दिर समिति की ओर से पिछले कई वर्षों से मन्दिर के सौंदर्यकरण का अनुरोध विधायक से किया जा रहा था। पर्यटन विभाग की ओर से मन्दिर परिसर के छोटे मंदिरों को भव्य रूप दिये जाने सहित यहां पक्रिमा क्षेत्र स्थित प्रथम सदी के शिलालेखों को सुरक्षित किया जायेगा।

सीएम धामी ने किया डेस्टिनेशन उत्तराखंड, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन स्थल का निरीक्षण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 8 और 9 दिसम्बर को एफआरआई, देहरादून में आयोजित होने वाले डेस्टिनेशन उत्तराखंड, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर बुधवार को कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए बनाये गये मीडिया सेंटर का उद्घाटन भी किया।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यक्रम आयोजन की सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों और सौन्दर्यीकरण के कार्य भी तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह राज्य के लिए बड़ी समिट है। अभी तक ढ़ाई लाख करोड़ से अधिक के करार हो चुके हैं। करारों की ग्राउडिंग के लिए तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश आने से स्थानीय लोगों के रोजगार में तेजी से वृद्धि होगी। राज्य में ऐसे करारों को शीर्ष प्राथमिकता दी जा रही है, जिनसे राज्य में रोजगार के अवसर बढ़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए भी राज्य सरकार निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, कार्यवाहक डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव शैलेश बगोली, सचिव एवं गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा,एसएसपी देहरादून अजय कुमार एवं आयोजन के कार्यों में लगे अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पुण्य तिथि पर डॉ. आंबेडकर को कांग्रेसियों ने किया याद

टिहरी : भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतीय संविधान के जनक डा भीमराव राम आंबेडकर की पुण्य तिथि पर कांग्रेस कार्यालय नई टिहरी में कांग्रेसजनों ने बाबा साहब को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय नई टिहरी में बाबा साहब की पुण्य तिथि पर कांग्रेसियों ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप पंवार की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन कर देश व देश के संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

गोष्ठी में मुख्य वक्ता जिला पंचायत के पूर्व सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मुरारीलाल खंडवाल ने डॉ. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भारत में विधि के समक्ष समता है, तो यह बाबा साहब की देन है।

कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री शान्ति प्रसाद भट्ट ने कहा भारतीय संविधान के जनक डॉ. भीमराव आंबेडकर का बनाया हुआ कानून आज पूरे देश में लागू है, बाबा साहब ने ही संविधान में यह व्यवस्था दी कि हम विधि के शासन में है। डॉ. आंबेडकर ने हमें इतना शानदार संविधान दिया है कि जिसके अनुच्छेद 12 से 35 तक में नागरिकों को मूलाधिकार प्रदान किए गए है, तो वही नीति निदेशक तत्वों में नागरिकों को देश के प्रति कर्तव्यों का भी बोध करवाया गया है। भिलंगना के पूर्व प्रमुख और प्रदेश महामंत्री विजय गुनसोला ने कहा कि बाब साहब आंबेडकर ने संविधान में ही विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, निर्वाचन, पंचायत आदि की व्यवस्थायें देकर अहम काम किए हैं। गोष्ठी में वरिष्ठ नेता निहाल सिंह नेगी, पीसीसी डेलीगेट मुसरफ अली, देवेंद्र नौडियाल, ममता उनियाल, दिनेश पंवार, किशोर मंद्रवालल, रतन सिंह राणा, जीत सिंह नेगी, वीरेंद्र ख्वास, वीरेंद्र दत्त, चंद्रशेखर, दलवीर चौहान, दलवीर रागड़, रोशन नौटियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

विशेष कार्याधिकारी ने सुदूर गांव गंगी के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

टिहरी : उत्तराखण्ड शासन के विशेष कार्याधिकारी संजीव कुमार शर्मा ने जनपद के विकास खण्ड भिलंगना के सुदूर क्षेत्र के गांव गंगी का भ्रमण किया। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों ने निस्तारण के निर्देश दिए। विशेष कार्याधिकारी संजीव कुमार शर्मा सुदूर गांव गंगी पहुंचकर सर्वप्रथम ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना। विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामवासियों को पेयजल स्वास्थय, पशुपालन, उद्यान, कृषि, बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ सम्बन्धित सभी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सीएम आवास कूच करेंगे कर्मचारी

टिहरी : विकासखण्ड देवप्रयाग मुख्यालय हिंडोलाखाल में राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संगठन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी 10 दिसम्बर को मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर व्यापक चर्चा हुई। बुधवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में संगठन ब्लॉक अध्यक्ष राकेश चंद ने सभी कर्मचारियों से रैली में भाग लेने का आह्वान किया। ब्लॉक मंत्री धनवीर चन्द रमोला ने कहा कि, सरकार को बुढापे का एक मात्र सहारा पुरानी पेंशन को तत्काल बहाल कर सकारात्मक कदम उठाना चाहिए। अन्यथा आगामी लोकसभा व निकाय चुनाव में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पडेगा। संरक्षक बृजेश भट्ट ने नई पेशन योजना की खामियों को गिनाते इसको पूरी तरह कर्मचारियो के अनहित में बताया। सभी ने सरकार से लोकसभा चुनाव से पूर्व लंबित मांग को पूरे किये जाने की मांग की। इस मौके पर नई ब्लॉक कार्यकारिणी भी गठित की गयी। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष राकेश चन्द, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक मियां, महिला उपाध्यक्ष बिष्ट, सचिव विजय आर्य, मीडिया प्रभारी पूर्णानंद बंगवाल को चुना गया।

बैठक में सतीश बलूनी, धनवीर चन्द रमोला, सोमनाथ टोडरिया किरण पुंडीर, सुनीता चंद, डॉ. शशि मोहनरावत, शीतल डुकलान, पूर्णानन्द बंगवाल,देवेंद्र कठैत, जयदीप रावत, सीताराम पोखरियाल, हिमाशु जगूड़ी, शिखा मेहता, हिमानी भट्ट, हरीश डंगवाल, पूनम चौहान, धीरज, भुवनेश पाल सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। (एजेंसी)

संपादकीय

शिक्षा में नई पहल

प्रारंभिक स्तर से ही छात्रों को एक डाटा के तहत जानकारी के लिए सूचीबद्ध करने की तैयारी केंद्रीय शिक्षा विभाग करने जा रहा है। विभाग का उद्देश्य है कि जिस प्रकार के पंजीकरण बोर्ड की परीक्षाओं से पूर्व नवी एवं 11वीं में किए जाते थे वह अब किसी भी छात्र के लिए शैक्षिक जीवन शुरू करने के साथ ही कर दिए जाएंगे। यानी की पहली कक्षा में प्रवेश लेते ही सरकारी स्कूलों के बच्चों को यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडाइज) पोर्टल से जोड़ दिया जाएगा जो की 12वीं तक उनके छात्र जीवन की पहचान बनेगा। इसका एक लाभ यह होगा कि जहां आने वाले समय में स्कूल बच्चों को गलत या फर्जी टीसी जारी नहीं कर पाएंगे वहीं शिक्षक भी दो स्कूलों में नहीं पढ़ पाएंगे। शिक्षकों को भी इस पोर्टल से जोड़ा जाएगा और इसमें अपलोडिंग का कार्य भी संबंधित स्कूल ही करेगा। यह ठीक वैसे ही होगा जैसे की आधार कार्ड का नंबर जारी करने की प्रक्रिया की तरह होता है। इस पोर्टल का लाभ यह होगा कि इससे न केवल बच्चों के स्कूलों में पढ़ने की संख्या पर नजर रहेगी बल्कि शिक्षकों का डाटा भी पोर्टल में दर्ज रहेगी। पोर्टल के माध्यम से यह पता लगाने की भी कोशिश की जाएगी की पढ़ाई शुरू करने वाले कितने छात्रों ने 10वीं और 12वीं तक अपनी पढ़ाई पूरी की और कितने बच्चे बीच में ही पढ़ाई छोड़कर चले गए। सरकार का उद्देश्य है कि जो बच्चा एक बार अपनी पढ़ाई शुरू करें वह 10वीं या 12वीं तक अपनी शिक्षा पूरी करें। इस पोर्टल के माध्यम से पहली कक्षा में रजिस्ट्रेशन करने वाले सभी बच्चों पर नजर रखी जा सकेगी। केंद्र सरकार का यह प्रयास एक सराहनीय कदम कहा जा सकता है लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण बात यह होगी कि केंद्र सरकार एक सम्मान शिक्षा नीति को जल्द से जल्द लागू करें ताकि पब्लिक स्कूलों की मनमानी और मनमानी फीस पर नियंत्रण रखा जा सके। खास तौर से सरकारी स्कूलों में शिक्षा के सुधार की जरूरत है जो कि किसी यूनिक नंबर से नहीं बल्कि शिक्षा के स्तर को सुधार कर ही हासिल की जा सकती है। आज भी राज्यों में प्रारंभिक सरकारी शिक्षा का स्तर बेहद निम्न दर्जे का है और छात्रों को आठवीं तक पहुंचाने के बाद भी अंग्रेजी का प्रारंभिक ज्ञान नहीं हो पता है। स्कूलों की व्यवस्था में बेहद सुधार की जरूरत है और यदि केंद्र सरकार छात्रों को यूनिक नंबर जारी करने की पहल कर रही है तो साथ ही शिक्षा के स्तर में भी गुणवत्ता बनाने की कोशिश करनी चाहिए। सिर्फ एक पोर्टल से छात्रों को जोड़ने से हालात सुधरने वाले नहीं है बल्कि सस्ती एवं गुणवत्तापरक शिक्षा देकर ही देश के नौनिहालों का भविष्य सुनहरा बनाया जा सकता है।

नगर में लगी स्ट्रीट लाइट के हाल: चार दिन की चांदनी, फिर अंधेरी रात

निगम के वार्डों में लाखों की लागत से लगवाई गई है लाइट अधिकांश वार्डों में लाइट खराब होने से छाया रहता है अंधेरा

कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र में सड़क किनारे लगी स्ट्रीट लाइट

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : 'चार दिन की चांदनी, फिर अंधेरी रात' यह कहावत इन दिनों नगर निगम के वार्डों में चरितार्थ हो रही है। लाखों की लागत से वार्डों में लगाई गई स्ट्रीट लाइट कुछ दिन प्रकाश फैलाने के बाद अब केवल शोपीस बनकर रह गई है। वार्ड वासियों की शिकायत के बाद भी नगर निगम लाइटों की मरम्मत करवाने की सुध नहीं ले रहा। नतीजा शाम ढलते ही वार्ड में पूरी तरह अंधेरा छा रहा है। करीब तीन वर्ष पूर्व नगर निगम की ओर से 48 लाख की लागत से वार्डों में दो हजार स्ट्रीट लाइट लगवाई गई थी। स्ट्रीट लाइट लगने के कुछ दिन वार्डों में रोशनी बनी रही, लेकिन अब अधिकांश वार्डों में लाइटें खराब हो चुकी हैं। नतीजा वार्डों में चारों ओर अंधेरा छाया रहता है। रात के समय लोगों का सड़क पर गलियों में चलना भी मुश्किल हो जाता है। लालपानी निवासी प्रकाश लखेड़ा, चंद्रमोहन, सतेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य मार्ग में पिछले कई माह से स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी है। यही स्थिति लकड़ीपड़ाव, काशीरामपुर, देवी रोड, मानपुर, दुर्गापुरी के साथ ही भाबर क्षेत्र के अधिकांश वार्डों में बनी हुई है। पार्षद सौरभ नौटियाल ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को बोर्ड बैठक में भी उठाया था। लेकिन, निगम के अधिकारी समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे।

जगंली जानवरों का खतरा

जंगल से सटे लालपानी, रामपुर, सनेह, ध्रुवपुर, ग्रास्टनगंज, गिवईस्त्रोत, सिगड्डी, झंडीचौड़ क्षेत्र में लाइट खराब होने से जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है। कई बार जंगली जानवर रात के अंधेरे में मार्ग पर आ धमक जाते हैं। बावजूद इसके नगर निगम समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। यही नही वार्ड में कई स्थानों पर आस-पास दो-तीन लाइटें लगी हुई हैं, जबकि जिन जगहों पर सबसे अधिक अंधेरा है, वहां पर लाइट नहीं लगाई गई हैं।

पुण्य तिथि पर संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर को किया याद

कोटद्वार में डा. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : महानगर कांग्रेस व आंबेडकर समिति की ओर से बुधवार को संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की पुण्य तिथि को निर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भाबर क्षेत्र के झंडीचौड़ स्थित रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर वक्ताओं ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि बाबा साहब ने संविधान के रूप में देश को एक पवित्र ग्रंथ भेंट किया, जो सर्वोच्च मार्गदर्शक है। वक्ताओं ने कहा कि आज हम संविधान पढ़ने, समझने और आत्मसात करने का संकल्प दोहराएं, यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, धीरेंद्र बिष्ट, बृजपाल सिंह नेगी, महावीर सिंह रावत, अभिषेक अग्रवाल, ओमप्रकाश कोटला, रूपेंद्र सिंह नेगी और अमित नेगी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से भी भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर को याद किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, भक्त मोहन बिष्ट, कृष्ण चंद्र खंतवाल, रंजना रावत, रश्मि पटवाल, नीलम रावत, सुधा असवाल, भारत सिंह नेगी, रघुवीर सिंह, गोपाल सिंह गुसाईं, अमित राज सिंह, सुवेग जोशी, नईम अहमद, गुड्डू सिंह चौहान, दिलवर प्रताप, विनय नेगी, हरीश नेगी, दमयंती देवी, मनसेर सिंह, बलवीर सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

चित्रकला प्रतियोगिता में स्वयं रहा प्रथम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंटर कालेज दुधारखाल व बंदूण में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में स्वयं ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विद्यार्थियों को वनों को आग से बचाने के साथ ही व पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई।

प्रतियोगिता का विषय वनाग्नि का पर्यावरण पर प्रभाव था। जिसमें विद्यालयों के 13 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। फाउंडेशन के समन्वयक सतीश बहुगुणा व ब्लाक समन्वयक संजय बजवाल ने विद्यार्थियों को वनों को आग से बचाव की जानकारी दी। कहा कि वनों की रक्षा के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गंभीरता से कार्य करना होगा। बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता में स्वयं ने प्रथम, स्नेहा ने द्वितीय व गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य महिपाल सिंह कश्यप, नीलम बड़थ्वाल, संगीता बहुगुणा, पूनम शर्मा, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

तेज रफ्तार कार ने वाहनों को मारी टक्कर, हादसा टला

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : देवी रोड तड़ियाल चौक के समीप एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी दो कार को टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार चालक को अपनी हिरासत में ले लिया।

घटना मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे की है। भाबर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने सड़क किनारे खड़ी दो कार को टक्कर मारी और दीवार पर टकरा गई। गनीमत यह रही कि कार सवार परिवार पास में स्थित एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गए हुए थे। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने टक्कर मारने वाली कार चला रहे चालक को पकड़ लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी खतरनाक थी कि यदि आसपास कोई व्यक्ति होता तो एक बड़ा हादसा हो जाता।

टैक्टर से गिरकर श्रमिक की मौत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : यमकेश्वर के दमराडा में टैक्टर से गिरकर एक श्रमिक की मौत हो गई। नेपाल के हजारी वगा वर्दिया, जिला वागढ़ी निवासी टेक बहादुर उम्र 30 वर्ष पुत्र दंदवली प्रखंड यमकेश्वर के दमराड़ा क्षेत्र में मजदूरी का काम रहा था। इसी दौरान वह पास में खड़े ट्रैक्टर पर जाकर बैठ गया। उसने ट्रैक्टर को स्टार्ट करने का प्रयास किया, तभी ट्रैक्टर अचानक से स्टार्ट हो गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर गया।

भालू ने श्रमिक पर किया हमला, गंभीर

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : घाड़ क्षेत्र के अंतर्गत चरेख पेयजल पंपिग योगना में काम कर रहे एक श्रमिक पर भालू ने हमला कर दिया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने श्रमिक को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। भालू के हमले में श्रमिक का चेहरा बुरी तरह जख्मी हो गया। ग्राम मेरूआ निवासी सुरेशानंद 57 वर्ष बुधवार चरेख पेयजल पंपिंग योजना में काम कर रहा था। इसी दौरान झाड़ी से निकलकर आए भालू ने सुरेशानंद पर हमला कर दिया। घटनास्थल पर मौजूद अन्य श्रमिकों ने शोर मचाकर भालू के चंगुल से सुरेशानंद को छुडवाया। भालू ने सुरेशानंद का चेहरा बुरी तरह जख्मी कर दिया। गंभीर रूप से घायल सुरेशानंद को उपचार के लिए बेस चिकित्सालय में लाकर भर्ती किया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि भालू के हमले में सुरेशानंद के चेहरे पर गंभीर चोट आई हैं।

संगठन ने अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

कोटद्वार : डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में वंदे मातरम छात्र संगठन के सदस्यों ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के लिए उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर निखिल, अजय, अयान, तनिष्क और विकास सहित संगठन के सभी सदस्य मौजूद रहे।

संगठन की बैठक स्थगित

कोटद्वार : उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन गढ़वाल क्षेत्र की 11 दिसंबर को होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष दलबीर सिंह रावत ने बताया कि इस तिथि पर प्रांतीय स्तर की बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में समस्त क्षेत्रों के अध्यक्ष व मंत्रियों के प्रतिभाग करने के कारण बैठक को अगले आदेश तक स्थगित किया गया है।

विद्यार्थिंक को रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की दी जानकारी

कोटद्वार के आईएचएमएस में बच्चों को कोर्स की जानकारी देते विशेषज्ञ

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनजमैंट एंड साइंसेज (आईएचएसएम) की ओर से कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में 12वीं की शिक्षा ले रहे छात्र-छात्राओं को विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की जानकरी दी गई।

बलभद्रपुर स्थित संस्थान परिसर में भ्रमण को पहुंचे स्कॉलर्स एकेडमी, जेपी इंटर कालेज और आर्य कन्या इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग की गई। संस्थान के विशेषज्ञों ने 122 छात्र-छात्राओं को 12वीं कक्षा पास करने के बाद बैचलर ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (बीबीए), बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए), बैचलर इन कंप्यूटर साइंस एंड इनफॉरमेशन टैक्नालॉजी (बीएससी-आईटी) कोर्स की जानकारी दी। बताया कि इन कोर्सों को करने के बाद छात्र विभिन्न स्वदेशी व विदेशी कंपनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर संस्थान के ईडी अजयराज नेगी ने कहा कि युवाओं को 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद आगे रोजगार करने के लिए कोर्स की जानकारी नहीं होती है। ऐसे में वे जानकारी के अभाव में नौकरी के लिए भटकते रहते हैं। युवाओं को उनके भविष्य के लिए संस्थान की ओर से उन्हें करियर काउंसलिंग कार्यक्रम के माध्यम से रोजगारपरक कोर्स की जाकारी दी जाती है।

शैल शिल्पी विकास संगठन ने डा. भीमराव को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शैल शिल्पी विकास संगठन की ओर से देश के संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बुधवार को सिम्मलचौड़ स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। सभा की अध्यक्षता करते हुए संगठन अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि आज ही के दिन सन् 1956 में बाबा साहब ने अंतिम सांस ली।

उन्होंने ही देश को भारतीय संविधान के रूप में एक अमिट एवं महान संविधान दिया। हम सभी का कर्तव्य है कि हम देश के संविधान के मूल सिद्धांत न्याय, समता, स्वतंत्रता, बंधुता को कायम रखते हुए बाबा साहब के सपनों के भारत का निर्माण करें, यही बाबा साहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त रेंजर केसी राम निराला, विनोद कुमार, सत्येंद्र खेतवाल, शिव कुमार, धर्मेंद्र सिंह, हर्ष कुमार और इंद्र कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोर्चा ने की सीएम आवास कूच की तैयारियां तेज

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर होने वाले 10 दिसंबर के देहरादून में सीएम आवास कूच को लेकर तैयारियां तेज कर दी है।

मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि 10 दिसंबर को पुरानी पेंशन बहाली के लिए सीएम आवास कूच किया जाएगा। जिसको लेकर इन दिनों विभिन्न कार्यालयों में जाकर कर्मचारियों को कूच में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेने को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

मोर्चा के पदाधिकारी इन दिनों कार्यालयों में जाकर कर्मचारियो को कूच में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेने के लिए जागरूक कर रहे है। मोर्चा के प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने बताया कि अक्टूबर 2005 के बाद से नियुक्त सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इन कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना लागू की गई है, जो कि कर्मचारियों के साथ धोखा है। कहा कि नई पेंशन योजना से आच्छादित कर्मचारियों को सेवानिवृत्त के बाद 5 सौ से 1 हजार तक पेंशन मिल रही है। जिससे कर्मचारी परेशान हैं और कर्मचारियों में आक्रोश बना हुआ हुआ है।

उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार सकारात्मक निर्णय ले तो निश्चित रूप से कर्मचारी हित में राज्य में पुरानी पेंशन बहाल हो सकती है। लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार कर्मचारियों की इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रही है।

पारितंत्र को समझना उप विषय में साहिल, उप विषय आत्मनिर्भरता में साक्षी रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विकासखंड स्तरीय 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैंण में शुरू हो गई है। उप विषय स्वास्थ्य पोषण व कल्याण को प्रोत्साहन देना में सानिया राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैंण ने प्रथम व पूनम राजकीय इंटर कॉलेज गंगाऊ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में अपने पारितंत्र को समझना उप विषय में साहिल चौहान राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडेथ, उप विषय आत्मनिर्भरता के लिए पारितंत्र आधारित दृष्टिकोण में साक्षी रावत मुसेटी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी थलीसैंण विवेक पंवार ने सरस्वती माँ के चित्र के समीप दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र सुंद्रियाल ने बच्चों को इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना मुख्य विषय पर विभिन्न प्रकार के मॉडल एवं व्याख्यान प्रस्तुत किये गए। इस प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में अपने पारितंत्र को समझना उप विषय में महक राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैंण ने प्रथम व सुजल कुमार राउमावि कुटखाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उप विषय पारितंत्र और स्वास्थ्य के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रयोग में सुजल मुंडेपी राजकीय इंटर कॉलेज चौरा ने प्रथम व अरनव रावत राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैंण ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उप विषय स्वास्थ्य पोषण व कल्याण को प्रोत्साहन देना में किरण जोशी राजकीय इंटर कॉलेज बूगीधार ने प्रथम व मनीष राउमावि ऐंठी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की इस प्रतियोगिता में समस्त ब्लॉक के लगभग 40 स्कूलों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद सुन्द्रियाल, मीनाक्षी गुसाई, आशीष मियां, मोहनलाल, पूजा डोभाल, अमित चौहान, विमला पाठक, मनोरमा पटवाल, बृजभूषण, चमन उनियाल, विवेक पोखरियाल, विवेक मेहर, प्रकाश पोखरियाल, पप्पू कुमार, दिनेश कुमार, मनीषा, आरती, रजनी, विमी चिटकारिया आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रकाश ढौडियाल ने किया।

टीटी में मिक्स में लक्ष्मी व ऋषभ ने फाइनल मुकाबला अपने नाम किया

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत बुधवार को फुटबाल व टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन दिखाया। मिक्स में तुंदेड की लक्ष्मी व ऋषभ ने फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। अंडर-19 बालिका के सिग्लस में पौड़ी की तनीषा रावत, डब्बलस में कल्जीखाल की अंजली व विनीता, मिक्स डब्बलस में पौड़ी के अनमोल रावत व अनंत विजेजा रहे। बुधवार को इंडोर हॉल में आयोजित टीटी प्रतियोगिता के अंडर-14 बालिका वर्ग के सिग्लस में पौड़ी की तुलसी राणा, डबल्स में सिमरन व रिया अव्वल रहे। मिक्स में अनमोल व अंशिका ने बाजी मारी। अंडर-17 बालिका वर्ग के सिग्लस में केवर्स की खुशबू, डबल्स में पाबौ की काजल व अंजली ने फाइनल मुकाबला जीता। वहीं, खिर्सू के खेल मैदान में अंडर-19 वर्ग के फुटबाल में पौड़ी की टीम ने कठूली को 7-1, दुगडडा ने जयहरीखाल को 1-0, दुगडडा ने पाबौ को पेनाल्टी शूट आउट में 3-1, पौड़ी ने खिर्सू को 1-0 से हरा दिया।

14 छात्रों का मल्टीनेशनल कंपनियों में चयन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जीबी पंत प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी संस्थान घुड़दौड़ी के 14 छात्रों का मल्टीनेशनल कंपनियों में चयन हुआ है। कंपनियों द्वारा चलाए गए प्लेसमेंट अभियान में संस्थान के विभिन्न विभागों के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक डा. वीएन काला ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सीजफायर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चलाए गए संयुक्त प्लेसमेंट अभियान में संस्थान के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में अध्ययनरत तीन छात्रों का 3.77 लाख वार्षिक के पैकेज पर चयन हुआ। वहीं एलएनटी द्वारा चलाए गए ऑन कैंपस वर्चुअल ड्राइव प्लेसमेंट अभियान में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के 11 छात्रों का 6 लाख वार्षिक पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है।

अदालती सूचना

न्यायालय असि० कलैक्टर कोटद्वार गढ़वाल।
रा०वा०सं०-18 सन् 2017
दीपक चन्द्र बनाम चन्द्रमोहन आदि
समन बनाम-

चन्द्रमोहन पुत्र बलदेव प्रसाद, 2. शाकम्बरी देवी पत्नी बलदेव प्रसाद, 3. ब्रजमोहन पुत्र बदलदेव प्रसाद, 4. संतोषी देवी पत्नी चन्द्रमोहन, 5. राम सिंह पुत्र भीम सिंह, 6. अर्जुन सिंह पुत्र भीम सिंह, 7. भरोसा सिंह पुत्र वीर सिंह, 8. मदनमोहन पुत्र गाजाधर प्रसाद, 9. ओमप्रकाश पुत्र गाजाधर प्रसाद, 10. सुरेन्द्र सिंह पुत्र मान सिंह, 11. वीरेन्द्र सिंह पुत्र हंसा सिंह, 12. विमला देवी पत्नी बलवीर सिंह, 13. धीरज लाल पुत्र खुशालमणी, 14. गंगासी देवी पत्नी लक्ष्मण सिंह, 15. तारा सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, 16. मदन सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, 17. भीम सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, 18. प्रताप सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, 19. रघुवीर सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, 20. कुंवर सिंह पुत्र गोविन्द सिंह, 21. त्रिलोक सिंह पुत्र गोविन्द सिंह, 22. भारत सिंह पुत्र गोविन्द सिंह, 23. गोदाम्बरी देवी पत्नी गोविन्द सिंह, 24. सतेन्द्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह, 25. सत्य प्रसाद पुत्र बलवन्त सिंह, 26. हेमलता देवी पत्नी नरेन्द्र पाल सिंह, 27. सुरेश चन्द्र पुत्र शम्भू प्रसाद, 28. वलबीर सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह, 29. दयाल सिंह पुत्र कुंवर सिंह, 30. शकुन्तला देवी पत्नी आनन्द प्रकाश, 31. विमला देवी पत्नी बलवीर सिंह, 32. रमेश सिंह पुत्र आनन्द सिंह, 33. विक्रम सिंह पुत्र भीम सिंह, 34. बलवीर सिंह पुत्र स्व० महेन्द्र सिंह, 35. ऋतुराज सिंह पुत्र बलवीर सिंह, 36. शकुन्तला देवी पत्नी मेहरबान सिंह, 37. शान्ति देवी पत्नी बलदेव प्रसाद, 38. विनोद कुमार पुत्र मूलचन्द, 39. सुरेन्द्र सिंह पुत्र मानसिंह, 40. राजेश कुमार पुत्र विशेश्वर, 41. कान्ती देवी पत्नी लक्ष्मीदत्त, 42. दयालसिंह पुत्र कुंवर सिंह, 43. आनन्दी देवी पुत्र वीरेन्द्र सिंह, 44. शकुन्तला पत्नी मेहरबान सिंह, 45. रोहनी पत्नी देवेन्द्र सिंह, 46. रोहनी पत्नी देवेन्द्र सिंह, 47. दयाल सिंह पुत्र कुंवर सिंह, 48. अनीता देवी पत्नी महावीर सिंह, 49. दयाल सिंह पुत्र कुंवर सिंह, 50. यमुना प्रसाद पुत्र भगवती प्रसाद, 51. राजेश कुमार पुत्र विशेश्वर प्रसाद, 52. आनन्दी देवी पत्नी हयात सिंह, 53. भरोसा सिंह पुत्र वीरसिंह, 54. सतीश पुत्र मोहनलाल, 55. रमेश पुत्र गिरधारी, 56. सतेन्द्रसिंह पुत्र बलवंत सिंह, 57. अरविन्द कुमार पुत्र चण्डीप्रसाद, 58. यदुवीर सिंह पुत्र मातवर, 59. पूनम पत्नी भूपेन्द्र सिंह, 60. पदमेन्द्र सिंह पुत्र तीरथ सिंह, 61. सत्यप्रसाद पुत्र रविदत्त, 62. शारदा देवी पत्नी सत्य प्रसाद, 63. सतेन्द्र सिंह पुत्र बलवन्तसिंह, 64. शीला देवी पत्नी मुकेश, 65. सतेन्द्र सिंह पुत्र बलवन्तसिंह, 66. शीला देवी पत्नी मुकेश, 67. सतेन्द्र सिंह पुत्र बलवन्तसिंह, 68. आरती देवी पत्नी सतेसिंह, 69. उमेशचन्द पुत्र आनन्दमणी, 70. दिनेशचन्द्र पुत्र रमेशचन्द्र, 71. सतीशचन्द्र पुत्र रमेशचन्द्र, 72. शकुन्तला देवी पत्नी प्रतापसिंह, 73. रोहनी उर्फ रोशनी पत्नी देवेन्द्रसिंह, 74. शंकर प्रसाद पुत्र जगदीश प्रसाद, 75. पूनम पत्नी भूपेन्द्रसिंह, 76. दमेन्द्र सिंह पुत्र तीरथसिंह, 77. सत्यप्रसाद पुत्र रविदत्त, 78. शारदा देवी पत्नी सत्यप्रसाद, 79. रोशनी देवी पत्नी संजयसिंह, 80. शंकर प्रसाद पुत्र जगदीश प्रसाद, 81. पूनम पत्नी भूपेन्द्र सिंह, 82. पदमेन्द्रसिंह पुत्र तीरथ सिंह, 83. सत्य प्रसाद पुत्र रविदत्त, 82. शारदा देवी पत्नी सत्यप्रसाद, 83. ग्रामसभा प्रधान ग्राम-उदयरामपुर नयाबाद, पट्टी मोटाढ़ाक, तहसील कोटद्वार गढ़वाल समस्त निवासीगण ग्राम-उदयरामपुर नयाबाद, पट्टी मोटाढ़ाक, तहसील कोटद्वार गढ़वाल

हरगाह वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक घोषणात्मक वाद अन्तर्गत धारा-176 बी ज0उ0 एवं भू0सु0अधि0 के अन्तर्गत वास्ते चाहने बंटवारा पेश किया है। जिसमें आपकी उपस्थिति वांछनीय है।

अतः आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 12-12-2023 को बवक्त 10.00 बजे दिन मेरे न्यायालय असालतन या वकालतन न्यायालय उपस्थित होकर अपनी पैरवी करना सुनिश्चित करे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 21-11-2023 को जारी किया गया।

आज्ञा से
न्यायालय असि० कलेक्ट्रर प्रथम श्रेणी,
कोटद्वार गढ़वाल
(1483/15)

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-नीलामी

मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 29 एस.एल.आर.:
13010 (F-I, F-II, R-I). 12370 (F-I), 19566 (F-I, F-II, R-1), 12912 (F-I). 14308 (F-I, F-II, R-I), 14631 (F-I, F-II, R-I), 19610 (F-I), 15006 (F-I), 14230 (F-I, F-II, R-I), 12056 (F-I), 12328 (F-1), 14042 (F-I, F-II, R-I), 14120 (F-I), 12172 (F-I), 14090 (F-I, F-II, R-I), के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 19.12.2023 (Timings 10:00 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध है।

मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 34 एस.एल.आर.:
14320 (F-I, F-II, R-I), 22918 (F-I), 14236 (F-I F-II, R-I), 14321 (F-I), 14311 (F-I), 14718 (F-I, F-II, R-I), 12091((F-I, F-II, R-I), 14310 (F-I), 14318 (F-1), 14315 (F-I, F-II, R-I), 14609 (F-I), 14605 (F-I), 12037 (F-I), 15120 (F-I), 12018 (F-I), 14887 (F-1, F-II, R-I), 14304 (F-I, F-II, R-I), 14306 (F-I, F-II, R-1), के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 20.12.2023 (Timings 10:00 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध है।
3823/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SGC025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

ई-निविदा सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (जी.एस.टी., ई.पी.एफ. व ई.एस.आई. में पंजीकृत) हो तथा पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में जिसमें प्रथम भाग में वांछित जी.एस.टी., ई.पी.एफ., ई.एस.आई, धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर / सीडीआर / राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए एवं अन्य शर्तें जो निविदा से सम्बन्धित हो तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 06 माह के लिए वैध हो आमन्त्रित की जाती है बिना प्रथम भाग के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भी ई-निविदा को निरस्त कर सकते हैं। कार्य अन्य विवरण के लिये वेबसाइट www.uktenders.gov.in को देखे।

ई-निविदा संख्या	ई-निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी सहित)	कार्य का विवरण	धरोहर धनराशि (रू.लाख में)	ई-निविदा क्रय करने हेतु अन्तिम तिथि एवं समय	ई-निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	ई-निविदा प्रपत्र ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निविदा प्रपत्र भाग खुलने की तिथि एवं समय
10/EDDK/23-24	₹1180/-	33/11 केवी सब-स्टेशन हल्दूखाता से निकले पोषकों का परिचालन एवं अनुरक्षण आदि कार्य हेतु।	0.43	दिनांक 22.12.2023 16.00 बजे तक	दिनांक 23.12.2023 11.00 बजे तक	दिनांक 23.12.2023 15.00 बजे तक

पत्रांक: 3047/विविखको/टी-6 दिनांक: 05.12.2023 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या- 0135-2760911 पर दें।)

DESTINATION UTTARAKHAND
GLOBAL INVESTORS SUMMIT 2023
8th - 9th December, 2023 Dehradun (Uttarakhand) Peace To Prosperity

उत्तराखण्ड में असीम संभावनाओं का अनावरण
आपकी समृद्धि का प्रवेश द्वार

माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड की आर्थिकी और पर्यटन विकास में वृद्धि हुई है। हमारा राज्य व्यापार के लिये सदैव खुला है, जो निवेशकों को व्यापक अवसर प्रदान करता है। सुव्यवस्थित उद्योग की मंजूरी से लेकर निवेशकों को प्रोत्साहित करने तक हम सदैव प्रतिबद्ध हैं। अपने उद्यमों के लिये एक सम्पन्न पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हमारी प्राथमिकता है। आइये मिलकर उत्तराखण्ड के भविष्य को नया आकार प्रदान करें!

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभो को लगातार मजबूत कर रहा है।"

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

IT/ITeS Policy 2023

पात्र परियोजनाएँ/परियोजनाओं के प्रकार

- निम्नलिखित निवेश सीमाओं के साथ आईटी इकाइयाँ/आईटी परिसर/जीसीसी:
- मैदानी क्षेत्र – ईसीए में 9 वर्षों के भीतर 100 करोड़ से अधिक का निवेश और 1,000 कर्मियों का न्यूनतम स्थायी प्रत्यक्ष रोजगार
- पर्वतीय - ईसीए में 9 वर्षों के भीतर 50 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश और 500 कर्मियों का न्यूनतम स्थायी प्रत्यक्ष रोजगार

प्रोत्साहन विवरण

- प्रतिबद्ध निवेश के 25% तक कैपेक्स सब्सिडी
  या
- सरकारी भूमि बैंक से भूमि का आवंटन
  या
- सरकारी भूमि बैंक से भूमि का आवंटन + कैपेक्स सब्सिडी का संयोजन
  (प्रतिबद्ध निवेश के 25% तक सीमित)

संस्थागत समर्थन

1. सिंगल विंडो सिस्टम
2. ईज ऑफ डूईंग बिज़नेस
3. निवेशक सुविधा केंद्र
4. सरकारी भूमि बैंक से भूमि आवंटन

Pumped Storage Policy 2023

पात्र परियोजनाएँ/परियोजनाओं के प्रकार

पम्प भंडारण नीति के तहत पम्प स्टोरेज उत्पादों को सहायता प्रदान जायेगी:

- ऑन-स्ट्रीम परियोजनाएँ - नदी की धारा पर स्थित कम से कम एक भंडारण
- ऑफ-स्ट्रीम परियोजनाएँ - नदी की धारा पर कोई भंडारण स्थित नहीं

नीति में दिये गए दिशानिर्देशों के आधार पर उपरोक्त श्रेणी की परियोजनाएँ आवंटित की जायेगी।

प्रोत्साहन विवरण

छूट

- पीएसपी डेवलपर्स को परियोजना सीओडी से 5 साल की अवधि के लिए इंट्रास्टेट ट्रांसमिशन शुल्क का 50% से अधिक बिल नहीं दिया जाना है। शर्तों के अनुसार परियोजना सीओडी वित्तीय वर्ष 2033-34 के पहले पूर्ण हो।
- स्थानीय क्षेत्र विकास निधि उन परियोजनाओं के लिए ऑफ-स्ट्रीम पीएसपी पर लागू नहीं होगी जहां बिजली राज्य सरकार द्वारा खरीदी जाती है।
- राज्य सरकार, पम्प भंडारण परियोजनाओं से कोई भी मुफ्त रॉयल्टी बिजली एकत्र नहीं करेगी।
- जल कर केवल भंडारण स्थलों में पानी के शुद्ध प्रवेश पर लागू होता है, बिजली उत्पादन के लिए भंडारण स्थलों के बीच पानी के पुनर्चक्रण पर कर लागू नहीं होगा।

भूमि

- निजी भूमि पर स्थानांतरण / निस्तारण की अनुमति आवेदन के 8 सप्ताह के भीतर दी जाएगी।

संस्थागत समर्थन

- राज्य सरकार इस नीति के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होगी और ऊर्जा सेल द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी।

Drone Policy 2023

पात्र परियोजनाएँ

1. ड्रोन सिस्टम डिज़ाइन और विनिर्माण (डीएसडीएम) उद्यम
2. ड्रोन सक्षम सेवाएँ (डीईएस) उद्यम।

डीएसडीएम और डीईएस उद्यमों के लिए प्रोत्साहन

1. **विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए सब्सिडी,**
   डीपीआर तैयार करने के लिए भुगतान की गई लागत के 50% की प्रतिपूर्ति, तकनीकी/सिविल कार्यों/प्लांट और मशीनरी निवेश में प्रमाणन के साथ अधिकतम सीमा 5 लाख
2. **गैर-मनोरंजक ड्रोन-उपयोग प्रोत्साहन**
   गैर-मनोरंजन / गैर-पर्यटन ड्रोन उपयोग या सेवाओं में शामिल डीईएस उद्यम प्रोत्साहन के लिए पात्र होंगे - विशुद्ध एसजीएसटी भुगतान + नकद प्रोत्साहन, भुगतान किए गए विशुद्ध एसजीएसटी की राशि के बराबर।
3. **सरकारी विभागों द्वारा पायलट परियोजनाओं के लिए समर्थन**
   पायलट कार्यक्रमों के लिए धन की आसान उपलब्धता के लिए राज्य सरकार एक कोष बनाएगी।
4. **लीज रेंटल के लिए सब्सिडी**
   - आईटीडीए अपने स्वयं के भवनों और कार्यालयों में डीएसडीएम और डीईएस उद्यमों को ऐसे भवनों और कार्यालयों में अधिसूचित दरों से 50% छूट पर कार्य स्थान प्रदान करेगा।
   - गैर-आईटीडीए के लिए भी लीज किराये का प्रावधान
5. **राज्य सरकार द्वारा निर्मित 200 करोड़ रुपए के स्टार्टअप वेंचर फण्ड में 15% ड्रोन हेतु।**
6. **स्थानीय उद्यम को प्राथमिकता**
   ड्रोन की खरीद के लिए, सार्वजनिक और प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए ड्रोन-घटक और ड्रोन सक्षम सेवाएँ

क्षमता निर्माण के लिए प्रोत्साहन

1. ड्रोन सीओई के लिए कैपेक्स सब्सिडी ड्रोन सीओई के लिए आईटीआई की स्थापना/नवीनीकरण करने वाले निजी उद्यमों को कैपेक्स सब्सिडी
2. ड्रोन पाठ्यक्रम शुरू करने/ड्रोन स्कूल/आरपीटीओ स्थापित करने के लिए सब्सिडी, ऐसे पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए ड्रोन-उपकरण और ड्रोन-संबंधित सॉफ्टवेयर लागत पर 50% की कैपेक्स सब्सिडी, प्रति संस्थान। करोड़ रुपये की सीमा के अधीन।

अनुकूलित प्रोत्साहन

अनुकूलित पैकेज नीति के तहत लाभ उन ड्रोन निर्माताओं के लिए उपलब्ध है जो न्यूनतम 100 करोड़ रुपये का निवेश करते हैं या संचालन के पहले वर्ष से 250 लोगों या अधिक का प्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न करते हैं।

प्रदेश की समृद्धि में भागीदार बनें

अधिक जानकारी के लिए
investuttarakhand.uk.gov.in
पर लॉग ऑन करें

टोल फ्री
☎ 18003097225

/ukgis2023

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023
8-9 दिसंबर 2023
वन अनुसंधान संस्थान (FRI), देहरादून

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

स्वयं सेवियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नमामि गंगे के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय नियमित शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल की अध्यक्षता में किया गया।शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत द्वारा किया गया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस शिविर में स्वयं सेवियों द्वारा सबसे पहले महाविद्यालय प्रांगण के आसपास कटीली झाड़ियों को साफ किया गया और मुख्य द्वार के अंदर की तरफ से खरपतवार को हटाया गया व पौधों को पानी दिया गया। स्वयं सेवियों द्वारा महाविद्यालय के समीप जल स्रोत के आसपास फैले कचरे को इकट्ठा करते हुए एक स्थान पर ढेर लगाने के पश्चात उसका निस्तारण किया गया। शिविर का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डा. विवेक रावत ने किया। शिविर में शिक्षणेत्तर कर्मचारी धर्म सिंह, सुशांत धस्माना ने सहयोग दिया।

तुषार श्रीदेव सुमन विवि की वॉलीबाल टीम में चयनित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय की वॉलीबाल टीम को नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता में भेजे जाने के लिए टीम का चयन हुआ है। इस टीम में राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा के बीए तृतीय वर्ष के छात्र तुषार नेगी को टीम में चुना गया है। प्राचार्य डा. बीपी उनियाल ने बताया कि 12 मुख्य खिलाड़ियों में तुषार नेगी का चयन हुआ है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 11 दिसंबर को टीम कुरुक्षेत्र के लिए रवाना होगी। तुषार नेगी का चयन होने पर प्राचार्य, प्राध्यापक, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं ने खुशी जताई है।

विधायक ने किया मोटर मार्ग का शिलान्यास

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शंकरपुर-हल्दूखाल मोटरमार्ग पर ग्राम पंचायत कमेड़ा के तहत भूंड से कमंदा तक मोटर मार्ग निर्माण का शिलान्यास विधायक दिलीप रावत ने किया। अटल आदर्श ग्राम योजना के तहत लोनिवि लैंसडौन द्वारा सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। सड़क निर्माण से ग्राम पंचायत मुख्यालय कमेड़ा शंकरपुर हल्दूखाल मोटर मार्ग से जुड़ जाएगा। क्षेत्र के लोगों ने लैंसडौन विधायक दिलीप रावत का फूल माला से स्वागत किया व सड़क सुविधा के लिए उनका आभार जताया।

क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण की उठाई मांग

श्रीनगर गढ़वाल : नगर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर प्रगतिशील जन मंच ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। उन्होंने मांगों पर शीघ्र निस्तारण करने की मांग की है। सीएम को भेजे ज्ञापन में प्रजमं के अध्यक्ष अनिल स्वामी ने कहा कि श्रीनगर एक मात्र उच्च शिक्षा का केंद्र के रूप में विकसित होता शहर है और यात्रा मार्ग का मुख्य पड़ाव भी है। उन्होंने श्रीनगर उप जिला चिकित्सालय में पार्किंग बनाये जाने, एनआईटी के स्थाई परिसर निर्माण में आ रही प्रशासनिक अड़चनों का निस्तारण कर अविलंब निर्माण कार्य प्रारंभ करने, श्रीनगर परिवहन डिपो को मुख्य शहर स्थित डिपो स्थल से संचालित किये जाने, श्रीनगर नगर निगम अन्तर्गत सड़कों के डामरीकरण, सीवर लाइन निर्माण कार्यों को शीघ्र शुरू किये जाने की मांग की है। (एजेंसी)

स्व. भगवान सिंह के नाम पर रखा जाय महाविद्यालय का नाम

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय महाविद्यालय नैखरी का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय भगवान सिंह के नाम पर रखे जाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग ने उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी सोनिया पंत के माध्यम से उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com